मुख्यमंत्री संदर्भ/तत्काल

संख्या-58/सी0एम0-36/84-डे0ई0-13-सीएम-36/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 12 नवम्बर,2013

विषय:- श्री सत्यवीर निलम्बित सहायक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम पी0ए0सी0, डिपो, फतेहपुर को सवेतन बहाल किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-सी0एम0-36/84-डे0ई0-13-सीएम-36/2013 दिनांक 06 सितम्बर, 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित पत्र में आपसे यह अपेक्षा की गयी थी कि प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा की गयी कार्यवाही से शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें, परन्तु प्रकरण में की गयी कार्यवाही की सूचना शासन को अभी तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है । चूँकि प्रश्नगत प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी का लम्बित संदर्भ है। अत: कृपया प्रकरण में नियमानुसार की गयी कार्यवाही की सूचना शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रश्नगत संदर्भ को मा0 मुख्यमंत्री जी के लम्बित सन्दर्भो की कम्प्यूटर सूची से विलोपित कराया जा सके ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://srisanadesh.up.nic.in/